प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

" मुख्य समाचार"

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल विकसित भारत रोजगार योजना के 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को करीब 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा ज़िले की 8 सौ 46 पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों व उपप्रधानों को दिलाई शपथ– जनसेवा की भावना से कार्य करने का किया आहवान।
- धर्मशाला में करोड़ों रुपये की विकास योजनाएं लोगों को समर्पित–कांगड़ा हवाई विस्तार परियोजना के प्रभावितों के पुनर्वास के लिए 25 सौ करोड़ रुपये की व्यवस्था।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने निजी विश्वविद्यालयों से गुणवत्ता, नवाचार व किफायती शिक्षा को प्राथमिकता देने का किया आहवान।
- प्रदेश शिक्षक महासंघ ने 2010 से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को टैट परीक्षा से छूट देने की केंद्र से की मांग।

प्रधानमंत्री–विकसित भारत

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के सफल कार्यान्वयन पर केंद्र सरकार द्वारा कल राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में डीबीटी के जरिए 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को करीब 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित करेंगे। राज्यस्तरीय कार्यक्रम केंद्रीय आलू अनुसंधान केंद्र शिमला में आयोजित किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अमित सिंगला ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में बताया कि कार्यक्रम में श्रम व उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस दौरान हिमाचल के 6 हजार 99वें लाभार्थियों को 12 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में सांसद सुरेश कश्यप भी मौजूद रहेंगे।

सीएम–शपथ

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखू ने आज धर्मशाला के दाड़ी मेला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में कांगड़ा जिले की 8 सौ 46 पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों और उप–प्रधानों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने पंचायती राज प्रतिनिधियों को लोकतंत्र की नींव बताते हुए कहा कि ग्रामीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि सरकार और जनता के बीच सबसे मजबूत सेतू का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने और नशे के विरूद्ध जन आंदोलन को सशक्त बनाने का लोगों को सामूहिक संकल्प भी दिलाया।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज धर्मशाला में 15 करोड़ 28 लाख रूपए की लागत से बनने वाले 50 बिस्तरों की क्षमता वाले एकीकृत आयुष अस्पताल का शिलान्यास किया। उन्होंने धर्मशाला के चरान में स्मार्ट सिटी लिमिटिड द्वारा निर्मित शॉपिंग कॉम्पलैक्स व मनोरंजन केंद्र का लोकार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मशाला में कांग्रेस का विधायक न होने बावजूद सरकार ने यहां विकास कार्यों की गति को प्रभावित नहीं होने दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 25 वर्षों से लंबित कांगडा हवाई विस्तार परियोजना को सरकार ने गति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए करीब 25 सौ करोड़ की व्यवस्था कि गई है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और बुनियादी ढ़ांचे के क्षेत्रों में व्यापक सुधार कर रही है।

जगत सिंह

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि किन्नौर जिला के टापरी स्थित फल मंडी का विस्तारीकरण किया जाएगा, जिससे छोटे व सिमांत बागवानों को लाभ मिलेगा। वे कल शांम किन्नौर जिला के टापरी में आयोजित छः दिवसीय ग्रीष्म उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। जगत नेगी ने कहा कि वर्ष 2027 से इस मेले को धूमधाम से मनाया जा रहा और किन्नौरी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ये एक उपयुक्त मंच साबित हो रहा है।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तीव्र गति से परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वे आज चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित भारत उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन 2026 के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले एक दशक में देश की शैक्षणिक संरचना में ऐतिहासिक विस्तार हुआ है और आई.आई.टी. की संख्या 16 से बढ़कर 23 व आई.आई.एम. की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय को केवल संख्या बढ़ाने की बजाए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

शिक्षक महासंघ

हिमाचल प्रदेश शिक्षक महासंघ ने केंद्र  सरकार से 2010 से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को टैट परीक्षा से छूट देने की मांग की है। आज शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान महासंघ के अध्यक्ष विनोद कुमार सूद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 29 मई दो हजार 26 के फैसले के बाद लाखों शिक्षकों के भविष्य पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि सेवा निवृत्ति के समय टैट टैस्ट की वाध्यता के बाद नौकरी जाने का संकट सही नहीं है। विनोद कुमार सूद ने कहा कि प्रदेश में दस हजार से अधिक अध्यापकों की नौकरी खतरे में है और 2010 से पहले हुई नियुक्तियां उस समय के नियमों और योग्यता मानदंड़ो के अनुसार हुई है। बाद में तय पात्रता शर्तों को पूर्व प्रभाव से लागू करना न्याय संगत नहीं है।

भाजपा प्रदर्शन

इस बीच भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षदों ने आज नगर निगम धर्मशाला के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पार्षदों का कहना है कि नगर निगम चुनाव की मतगणना 31 मई को पूरी हो चुकी है और काफी समय बीत जाने के बाद भी अभी तक नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण नहीं करवाया गया है। उन्होंने कहा कि इससे जनप्रतिनिधियों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

भाजपा बैठक

भाजपा ज़िला शिमला की मासिक बैठक आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय दीप कमल में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन व ज़िला प्रभारी सुरेश चंदेल उपस्थित रहे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों व केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किए जा रहे जनसम्पर्क अभियानों की समीक्षा की गई। सुरेश चंदेल ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इसी कड़ी में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पंचायत स्तर पर मनाया जाएगा। बैठक के बाद बालूगंज क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया जहां लोगों को केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित किए गए।

पालकी जागरण

सिरमौर ज़िला के गिरीपार क्षेत्र में सदियों पुरानी देवीय परम्पराओं का आज भी बाखूबी पालन किया जा रहा है। ज़िले के हरिपुर क्षेत्र के गेहल गांव में 18 वर्षों बाद आज माता बिजाई का छाई पालकी जागरण आयोजित किया जा रहा है। पौराणिक गांव बडोल से ये पालकी जागरण पैदल यात्रा आज गेहल गांव के लिए रवाना हुई, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालु 15 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। गेहल पंचायत के प्रधान ओ.पी. ठाकुर ने कहा कि माता बिजाई में लोगों की गहरी आस्था है और इस आयोजन से धार्मिक परम्पराओं के संरक्षण को बढ़ावा मिलता है।

लाहौल घटना

लाहौल स्पिति जिले में ग्राम्फू कोकसर मार्ग पर धारा वाटरफॉल के पास आज एक वाहन के दो सौ मीटर गहरी खाई में गिरने से 2 पर्यटकों की मृत्यु हो गई है जबकि एक घायल हुआ है। हमारे जिला संवाददाता सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतकों में हरियाणा के गुरूग्राम की 26 वर्षीय तनू कुमारी और उनका 11 माह का बेटा शामिल हैं। इस घटना में बिहार के वैशाली की घायल 52 वर्षीय सविता देवी का सिविल अस्पताल मनाली में उपचार चल रहा है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल विकसित भारत रोजगार योजना के 15 लाख से अधिक लाभार्थियों को करीब 2 हजार 4 सौ करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि करेंगे जारी।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा ज़िले की 8 सौ 46 पंचायतों के नवनिर्वाचित प्रधानों व उपप्रधानों को दिलाई शपथ– जनसेवा की भावना से कार्य करने का किया आहवान।

- धर्मशाला में करोड़ों रुपये की विकास योजनाएं लोगों को समर्पित–कांगड़ा हवाई विस्तार परियोजना के प्रभावितों के पुनर्वास के लिए 25 सौ करोड़ रुपये की व्यवस्था।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने निजी विश्वविद्यालयों से गुणवत्ता, नवाचार व किफायती शिक्षा को प्राथमिकता देने का किया आहवान।
- प्रदेश शिक्षक महासं रघ ने 2010 से पहले नियुक्त सभी शिक्षकों को टैट परीक्षा से छूट देने की केंद्र से की मांग।

———————————